28 अप्रैल को खुल रहा है उज्जीवन फाइनेंस का आई.पी.ओ.

कोलकाता। उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रो फाइनेंस संस्थान है जिसने एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी के तौर पर 2005 में परिचालन शुरू किया था। 32 दिसम्बर, 2015 तक यूएफएस ने 470 शाखाओं और 7862 कर्मचारियों के नेटवर्क के माध्यम से 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 27.7 लाख सक्रीय ग्रहकों को सेवाएं प्रदान की हैं। आईपीओ 28 अप्रैल 2016 को खुल रहा है और 2 मई 2016 को बंद हो रहा है, रु. 10 प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के रु. 207-रु.210 प्रति इक्विटी शेयर के मूल्य बंद के साथ। मुख्य निवेशक के लिए बोली/प्रस्ताव अवधि, बोली/प्रस्ताव अवधि खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पूर्व यानि कि 27 अप्रैल 2016 होगी।

इस आईपीओ में कंपनी द्वारा जारी किए गए कुल रु. 35,816.1 लाख तक के नए इक्विटी शेयर हैं और एलेवर, एफएमओ, आईएफसी, आईएफआईएफ, एमयूसी, सर्वा कैपिटल, डब्ल्यूसीपी और डब्ल्यूबी द्वारा 24,968,332 तक इक्विटी शेयरों के विक्रय का प्रस्ताव है। बीआरएलऐम्स के साथ परामर्श के बाद कंपनी ने कुल रु. 29,183.9 लाख के नगद अनुमान हेतु 14,236,057 इक्विटी शेयरों का आईपीओ-पूर्व निर्धारण पूरा कर लिया है। कंपनी का नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग अपना पूंजी आधार बढ़ाने के लिए करने का प्रस्ताव है।